# University in News on 22 July 2025

## JAGRAN CITY PAGE III

### लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की दो कोर्सों की मेरिट सूची

**जागरण प्रभाव**

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आखिरकार सोमवार को स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत दो कोर्सों की मेरिट सूची जारी कर दी। इसमें बी.एससी एग्रीकल्चर और डीफार्मा शामिल हैं। दैनिक जागरण ने 21 जुलाई के अंक में 'गलत डेटा में फंसी स्नातक की मेरिट सूची' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद मेरिट जारी होना शुरू हो गई।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव ने बताया कि बी.एससी एग्रीकल्चर और डीफार्मा की कम्पलीट मेरिट सूची जारी कर दी गई है। बी.एससी एग्रीकल्चर में एसके फैजीन और डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में अनिमेष को पहली रैंक मिली है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://lkouniv.ac.in/ पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। इसके बाद उन्हें च्वाइस फिलिंग का मौका दिया जाएगा। फिर सीट आवंटन और फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके अलावा अन्य कोर्सों की मेरिट भी जल्द जारी होगी। वहीं, दूसरी ओर विश्वविद्यालय ने केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकृत कालेजों की सूची भी जारी कर दी गई है।

## NBT PAGE 6

**प्रेरणादायक** एलयू बीएससी टॉपर के लिए शुरू हो रहा है एके माथुर मेडल, एलयू में 70 साल पहले रहे थे टॉपर

### प्रॉपर्टी बेचकर बच्चों ने पिता के नाम शुरू किया मेडल

Zeeshan.Rayini@timesofindia.com

**GOOD न्यूज़**

**लखनऊ:** मां-बाप के गुजरने के बाद ज्यादातर बच्चे प्रॉपर्टी बेच कर खुद पर खर्च करते हैं, लेकिन लखनऊ के ही कुछ बच्चों ने प्रॉपर्टी बेचकर उस पैसों से अपने पिता की याद में गोल्ड मेडल शुरू किया है। 70 साल पहले एलयू में बीएससी के टॉपर रहे एके माथुर की याद में एलयू में इस साल से नया मेडल शुरू होने जा रहा है। यह मेडल बीएससी टॉपर को दिया जाएगा। खास बात ये है कि इस मेडल को उनके तीन बेटों व एक बेटी ने संयुक्त रूप से प्रॉपर्टी को बेचने के बाद मिले पैसों से संयुक्त योगदान देकर शुरू किया है।

डॉ. माथुर की बेटी इस्मिता माथुर ने एलयू में इसके लिए आवेदन किया था जिसे कार्यपरिषद की मुहर के बाद औपचारिक रूप से मंजूर कर लिया गया है। इस्मिता माथुर ने बताया कि पिता ने 1954 में एलयू से बीएससी की थी और उन्हें 3 गोल्ड मेडल मिले थे। बाद में वह पीडब्ल्यूडी में इंजिनियर रहे और लखनऊ में भी पोस्टेड रहे। राजाजीपुरम में हमारा घर था। तीनों भाई अब यूएस में सेटल हो गए हैं और शादी के बाद मैं भी जबलपुर में रहती हूं। ऐसे में राजाजीपुरम का घर बेचने के बाद लखनऊ से रिश्ता टूट रहा था।

हम सब की स्कूलिंग यहीं हुई। ऐसे में लखनऊ से जुड़ाव और पिता का नाम चलता रहे इसलिए हम सबने सोचा कि पिता के लिए कुछ करना चाहिए। बहुत विचार के बाद उनके नाम से लखनऊ विश्वविद्यालय में मेडल शुरू करने का निर्णय लिया। इसके बाद पांच लाख रुपये की धनराशि एलयू में जमा की जिसे सभी भाईयों व मैंने समान रूप से मिलाकर दी। अब इस साल से ये मेडल शुरू हुआ है। इससे लखनऊ से हमारा जुड़ाव रहेगा और पिता का नाम हमारे बाद भी चलता रहेगा।



इस्मिता माथुर ने भाइयों के साथ मिलकर मेडल के लिए आवेदन किया है।

#### इन छात्रों को मिलेगा मेडल

इस मेडल की नियमावली भी एलयू की ओर से मंजूर कर दी गई है। इसके तहत बीएससी के तीनों साल में जिस छात्र के टोटल में अधिकतम अंक होंगे। तीनों साल में एक ही प्रयास में पास किया है। दो छात्रों के समान अंक होने पर जिस छात्र के फिजिक्स विषय में अधिक अंक होंगे उसे यह मेडल दिया जाएगा। अगर फिजिक्स के अंक भी समान होते हैं तो जिसकी आयु कम होगी उसे यह मेडल दिया जाएगा। इस साल से एलयू के दीक्षांत समारोह में इस मेडल को दिया जा रहा है।

**199वां मेडल एलयू का:** एलयू में अब तक 198 मेडल हो चुके हैं। यह एलयू के दीक्षांत का 199वां मेडल है जो इस बार से शुरू किया जाएगा। इसमें कुल 177 गोल्ड मेडल दिए जाते हैं। इस बार से 178 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। शहर के सभी विवि के दीक्षांत समारोह की तुलना में एलयू में सर्वाधिक मेडल दिए जाते हैं। हर साल 100 से अधिक छात्रों को यह मेडल दिए जाते हैं जिसमें कई छात्रों को एक से अधिक मेडल मिलते हैं।

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलएलएम की एक सीट पर 48, जूलॉजी में 16 दावेदार

- पीजी प्रवेश में अभ्यर्थियों की उपस्थिति के मुताबिक होड़
- दो दर्जन से अधिक विषयों की प्रवेश परीक्षा हो चुकी है

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत दो दर्जन से अधिक विषयों की प्रवेश परीक्षा हो चुकी है। जिसमें अभ्यर्थियों की उपस्थिति के अनुसार सबसे अधिक होड़ एलएलएम प्राणिविज्ञान, एलएलबी, बायोटेक, राजनीति विज्ञान और माइक्रोबायो जैसे विषयों में रहेगी।

एलयू प्रवेश प्रकोष्ठ के मुताबिक, इन विषयों की प्रवेश परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के हिसाब से एलएलएम की एक सीट के लिए 48 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। इसी तरह प्राणिविज्ञान में 16, एलएलबी 13, बायोटेक्नोलॉजी 12, राजनीति विज्ञान व माइक्रोबायो के लिए छह-छह दावेदार हैं। जबकि जानकारी के अनुसार कंप्यूटर साइंस में एक सीट पर पांच, एमआईएच व फॉरेंसिक साइंस में चार और जैव रसायन, समाजशास्त्र, भूगोल, एमबीए या एमटीटीएम, सांख्यिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एमपीएड और बीएलआईएससी में तीन-तीन अभ्यर्थी हैं।

#### आवेदन की स्थिति

| कोर्स | सीटें | आवेदन | दावेदार |
|---|---|---|---|
| एलएलएम | 60 | 3715 | 48 |
| प्राणि विज्ञान | 50 | 1061 | 16 |
| एलएलबी | 320 | 5649 | 13 |
| बायोटेक | 30 | 520 | 12 |
| माइक्रोबायो | 35 | 279 | 6 |
| राजनीति वि. | 120 | 921 | 6 |

एंथ्रोपोलॉजी की 40 सीट पर 52 आवेदन आए। 45 ने परीक्षा दी। 1.12 दावेदार हैं। बीपीएड की 100 सीट पर 159 आवेदन आए। 113 ने परीक्षा दी। 1.13 दावेदार हैं।

**हर साल बढ़ रहे आवेदन**

प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 2019-20 में 45339 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। सत्र 2020-21 में 69406 अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए। 2021-22 में 77536 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। सत्र 2022-23 में 78000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### बीएससी एग्री व डीफार्मा प्रवेश का रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में बीएससी एग्री व डीफार्मा की सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। प्रो. अनित्य गौरव ने जानकारी दी की अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर इन दोनों पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा का परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)